हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ७ अंक ३१३ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० ०७ मई २०२३ दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## अयोध्या से भाजपा ने भगवान राम के गुरु वशिष्ठ पीठ के महंत गिरीश पति त्रिपाठी को दिया मेयर का टिकट

### मेरे ऊपर भगवान की बड़ी कृपा– महंत गिरीश पति त्रिपाठी



प्रखर अयोध्या/एजेंसी। पूरे प्रदेश में इन दिनों नगर निकाय चुनाव जारी है. प्रथम चरण में कई जनपदों में चुनाव संपन्न हो गए हैं, तो वहीं दूसरे चरण की तैयारी में राजनैतिक पार्टियों के नेता दमखम लगा रहे हैं. हम आज बात करेंगे मंदिर और मूर्तियों की नगरी अयोध्या की जहां एक महंत ने महंत पर भरोसा जताया है. आज हम आपको इस रिपोर्ट में बताएंगे आखिर महंत ने महंत पर क्यों भरोसा जताया और इसी सवाल पर क्या कहते हैं अयोध्या के साधु संत. अयोध्या में भाजपा ने भगवान राम के गुरु वशिष्ठ पीठ के महंत गिरीश पति त्रिपाठी को अयोध्या से मेयर का टिकट दिया है। अब हम आपको बताने जा रहे हैं महंत को महंत क्यों पसंद आए. दरअसल, तीन कलश मंदिर वशिष्ठ पीठ मानी जाती है. धार्मिक मान्यता है कि महंत गिरीश पति त्रिपाठी भगवान रामलला के गुरु वशिष्ठ के पीठ के महंत हैं. लिहाजा भगवान राम के गुरु के पीठ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी आस्था है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के विकास को धार देने के लिए साफ–सुथरी छवि के चेहरे को चुना है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 60 बार से ज्यादा अयोध्या आ चुके हैं. इतना ही नहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के विकास की कमान खुद संभाली है. शायद यही वजह है कि मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने एक महंत के ऊपर विश्वास कर अब अयोध्या शहर की सरकार की कमान संभालने की ठानी है. इतना ही नहीं जब महंत ने महंत के ऊपर भरोसा किया तो महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि वशिष्ठ पीठ का सांस्कृतिक और धार्मिकता का पुराना इतिहास रहा है. इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमारे बारे में जो भी जानकारी रखते हैं. इसके बारे में हमें जानकारी तो नहीं है लेकिन उनकी पसंद जग जाहिर है. मेरे ऊपर भगवान की बड़ी कृपा है. उन्होंने हमें इस योग्य समझा काफी दिनों से यह मांग थी जो अयोध्या की सांस्कृतिक चीजें हैं जो सांस्कृतिक मूल्य हैं. इसका प्रेजेंटेशन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसा हो. ऐसी कोई योजना रही होगी तभी एक महंत ने एक महंत को अयोध्या का मेयर के लिए टिकट दिया। वहीं तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में इस बार भारतीय जनता पार्टी से मेयर पद के लिए एक महंत का चयन किया गया. इन दिनों यह चर्चा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरक्षनाथ पीठ के महंत हैं तो लोग यह चर्चा कर रहे हैं कि महंत को महंत क्यों पसंद आ रहे हैं. इसका तात्पर्य ही है कि अयोध्या के वशिष्ठ पीठ के पीठाधीश्वर महंत गिरीश पति त्रिपाठी भी एक महंत है. अयोध्या में राम राज्य की स्थापना के लिए उसी तरह से माहौल बनाना होगा. जो अयोध्या की महिमा और गरिमा को समझता हो और उस को बरकरार रखे बनाए रखें जनता को स्वरूप से सम्मान दे सके, शायद यही वजह है कि योगी आदित्यनाथ ने एक महंत के ऊपर भरोसा जताया है. स्थानीय संत दिवाकर आचार्य ने कहा कि अगर धार्मिक दृष्टि से एक महेंद्र को देखा जाए तो उनका जीवन पर्सनल कुछ नहीं रहता है. वह सार्वजनिक हो जाता है. जिस प्रकार से गोरक्षनाथ पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को समान रहे हैं. उसी तरह अब अयोध्या की सरकार को तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी सवारेंगे. हालांकि पहले अयोध्या के साधु संतों की मांग थी कि यहां का प्रतिनिधित्व करने वाला एक महंत हो शायद यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में अयोध्या के साधु–संतों की बात को रखने के लिए अयोध्या के सबसे प्रसिद्ध पीठ वशिष्ठ पीठाधीश्वर गिरीश त्रिपाठी को मेयर के लिए मैदान में उतार दिया है. इतना ही नहीं अयोध्या के साधु संत उनका पुरजोर समर्थन भी कर रहे हैं।

## मुख्तार के करीबी एक लाख के इनामी हरविन्दर सिंह उर्फ जुगनू वालिया को पंजाब पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रखर एजेन्सी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा–निर्देशों पर समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध छेड़ी मुहिम को एक बड़ी सफलता मिली है. शनिवार को पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के करीबी हरविन्दर सिंह उर्फ जुगनू वालिया को मोहाली से गिरफ्तार किया है. पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस गौरव यादव ने बताया कि मुलजिम जुगनू वालिया, जिसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है और कत्ल, कत्ल की कोशिश, जबरन वसूली आदि जैसे कई आपराधिक मामलों में शामिल है, यूपी पुलिस को कई आपराधिक मामलों में वांछित था, इसकी गिरफ्तारी के लिए यूपी सरकार की तरफ से 1 लाख रुपए का इनाम भी रखा गया था. उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने उसके कब्जे में से .32 बोर की पिस्तौल समेत 6 जिंदा कारतूस, लाखों रुपए की विदेशी करेंसी, एक स्कौडा कार और दो वॉकी टॉकी सैट भी बरामद किये हैं. डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि ठोस जानकारी के आधार पर कार्यवाही करते हुये एजीटीएफ की पुलिस टीमों ने एडीजीपी प्रमोद बाण के नेतृत्व में और एआईजी सन्दीप गोयल की सहायता से स्पेशल ऑपरेशन चला कर मुलजिम जुगनू वालिया को मोहाली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की. पुलिस टीमों का नेतृत्व डीएसपी राजन परमिन्दर और डीएसपी रमनदीप सिंह कर रहे थे। एडीजीपी प्रमोद बाण ने कहा कि पुलिस टीमों ने एफआईआर दर्ज करके आगे जांच शुरू कर दी है और इसमें आगे और खुलासे होने की उम्मीद है. गौरतलब है कि इस संबंध में हथियार एक्ट की धारा 25 (7,8) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120–बी के अधीन पुलिस स्टेशन स्टेट क्राइम पंजाब, एसएएस नगर में एफआईआर नं. 3 तारीख 6 मई 2023 को दर्ज की गई है।

## बीएचयू कैंपस में ब्रेन हेमरेज से भू– वैज्ञानिक की मौत

प्रखर वाराणसी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में भूभौतिकी के सहायक प्रोफेसर (वैज्ञानिक) रोहतास कुमार (40) गुरुवार को विवि कैंपस में स्थित अपने घर में मृत पाए गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिवार वालों को मामले की सूचना देकर जांच शुरू की। अब रिपोर्ट में सामने आया है कि सोते समय उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ था, जिसके कारण उनके दिमाग की नसें फट गईं और मौत हो गई। बीएचयू कैंपस में अकेले रहते थे। एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीएचयू कैंपस स्थित टीचर्स अपार्टमेंट में रोहतास अकेले रहते थे। एक सप्ताह पहले उसकी पत्नी उससे मिलने आई थी। आसपास रहने वाले लोगों के अनुसार, रोहतास को आखिरी बार गुरुवार सुबह करीब 8 बजे घर का कूड़ा फेंकते देखा गया था। घटना का पता तब चला, जब कई लोगों ने उन्हें फोन किए, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उनके कुछ साथी और मित्र उनके घर पर पहुंचे। घर का मुख्य गेट अंदर से बंद था। मामले की जानकारी बीएचयू प्रॉक्टोरियल बोर्ड को दी गई। सुरक्षा गार्डों ने दरवाजा तोड़ा तो रोहतास कमरे में बिस्तर पर पड़े मिले।उसी बिल्डिंग में रहने वाले एक डॉक्टर को उसकी जांच के लिए बुलाया गया। बाद में उन्हें सर सुंदरलाल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसके शव को बीएचयू के शवगृह में रखवाया गया। एक स्थानीय रिपोर्ट में कहा गया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हुआ है। कहा गया है कि रात को सोते समय उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ था।बता दें कि रोहतास बीएचयू के भूभौतिकी विभाग में भूकंप वैज्ञानिक थे। वह हरियाणा के करनाल के रहने वाले थे। आईआईटी–रुड़की में शोधकर्ता के रूप में काम किया था। वर्ष 2016 में बीएचयू के भूभौतिकी विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया था। उनकी मौत के बाद परिसर में लोग सदमे में हैं।

## गाजीपुर के सीएमओ हुए कोरोना संक्रमित, जिले में पीड़ितों की संख्या हुई दो



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पूरे देश से कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ने की लगातार खबरें आ रही हैं। ऐसे में अपना जिला भी अछूत नहीं रह गया है। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरगोविंद सिंह कोरोनावायरस के चपेट में आ गए हैं स्वास्थ्य खराब होने के बाद कोविद जांच में पॉजिटिव रिपोर्ट हाई है। इसकी जानकारी होते ही स्वास्थ्य महकमा सीएमओ से संपर्क में आने वाले कर्मियों व चिकित्सकों की भी जांच करा रहा है।

डिप्टी सीएमओ डॉ एस के मिश्रा ने बताया की स्वास्थ्य खराब होने पर सीएमओ डॉक्टर हरगोविंद सिंह ने अपनी कोविड जांच कराई थी जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है फिलहाल सीएमओ कानपुर में है। जब डॉक्टर हरगोविंद सिंह से मोबाइल पर बात की गई तो पता चला की उन्हें सर्दी जुखाम और बुखार हुआ था इसके बाद जांच कराने पर कोरिया संक्रमण का पता चला फिलहाल स्वास्थ्य में काफी सुधार है। वर्तमान में विभागीय आंकड़ों को देखा जाए तो जिले में अब दो कोरोना संक्रमित है। स्वास्थ विभाग लगातार लोगों को कोविडदृ19 का पालन करने की सलाह दे रहा है तथा मास्क पहनने की अपील करते हुए भीड़ भाड़ से बचने और लक्षण पाए जाने पर नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराने और इलाज की सलाह दे रहा हैं।


## एटा गोकशी कांड में बड़ा खुलासा, कच्छा बनियान गिरोह द्वारा काटी गई थी जिंदा गोवंश



प्रखर एजेन्सी/डेस्क। एटा कोतवाली देहात क्षेत्र की ग्राम पंचायत पवांस में दो मई को कच्छा बनियानधारी गिरोह ने गोकशी की थी। इसका खुलासा शनिवार को जांच समिति की ओर से लिए गए घायलों के बयानों में हुआ है। जांच समिति ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। एक गर्भवती गाय को भी काटने की बात सामने आई है। ग्राम पंचायत पवांस के गांव दलेलपुर में बनी गोशाला पहुंचकर शनिवार को एएसडीएम वेदप्रिय आर्य और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह ने घायलों के बयान लिए। घायलों ने बताया कि गोकशी करने वालों की संख्या 25 से 30 रही थी। सभी लोग कच्छा और बनियान पहने हुए थे, जबकि रखवाली करने वाला व्यक्ति पूरे कपड़े पहने था। सीवीओ ने बताया कि शनिवार को जांच में घायलों के फिर बयान लिए गए हैं। घायलों के अनुसार गोकशी के दौरान कच्छा बनियान पहने हुए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था। एक गर्भवती गाय को भी काट दिया, जिसका करीब आठ माह का मृत बछड़ा झाड़ियों में पड़ा मिला। इसको दफनाया गया है। जिस जगह पर गांव दलेलपुर में गोशाला बनी हुई है, वहां से हाइवे करीब 500 मीटर से अधिक दूरी पर है। गोकशों ने अपने वाहन हाइवे पर ही छोड़ दिए थे। केवल मांस ले जाने वाला लोडर वाहन ही गोशाला तक लाए थे। मांस भरने के बाद अपने वाहनों के लिए बदमाश 500 मीटर तक दौड़ कर गए। यह भी बयानों में शामिल किया गया है।

## तो अब मतदान का आंकड़ा 59 फीसदी हो गया

### पहले चरण में मतदाताओं ने दिखाया था उत्साह



नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023


मतदान दिनांक 04.05.2023 को प्रत्येक 2 घण्टे पर मतदान प्रतिशत की सूचना

जनपद का नाम:– जौनपुर

| क्र0 सं0 | निकाय का नाम | कुल मतदाता | 09:00 AM पड़े मत | 09:00 AM प्रतिशत | 11:00 AM पड़े मत | 11:00 AM प्रतिशत | 01:00 PM पड़े मत | 01:00 PM प्रतिशत | 03:00 PM पड़े मत | 03:00 PM प्रतिशत | 05:00 PM पड़े मत | 05:00 PM प्रतिशत | 06:00 PM (मतदान समाप्ति तक) कुल पड़े मत | 06:00 PM प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | | 7 | | 8 | |
| 1 | नगर पालिका परिषद जौनपुर | 229407 | 10045 | 6.43 | 36815 | 16.04 | 59995 | 26.14 | 82951 | 36.12 | 103508 | 45.07 | 109116 | 47.56 |
| 2 | नगर पंचायत जफराबाद | 9215 | 640 | 7.00 | 2099 | 22.7 | 3180 | 34.5 | 4470 | 48.5 | 5445 | 59.08 | 5815 | 63.10 |
| 3 | नगर पंचायत कचगाँव | 10779 | 580 | 7.00 | 1959 | 18.20 | 3378 | 31.33 | 4869 | 45.1 | 6030 | 55.9 | 7130 | 66.14 |
| 4 | नगर पंचायत गौराबादशाहपुर | 23204 | 1914 | 8.34 | [illegible] | [illegible] | 5582 | 24.05 | 9876 | 42.56 | 12553 | 54.08 | 13623 | 58.70 |
| 5 | नगर पालिका परिषद शाहगंज | 24247 | 2068 | 7.66 | 6476 | 15.89 | 7939 | 32.75 | 10747 | 44.32 | 15102 | 62.28 | 17251 | 71.14 |
| 6 | नगर पंचायत खेतासराय | 17807 | 1970 | 10.5 | 4192 | 23.50 | 6640 | 37.28 | 8396 | 47.15 | 10341 | 58.07 | 11263 | 63.25 |
| 7 | नगर पालिका परिषद मुगराबादशाहपुर | 28509 | 2641 | 9.26 | 6667 | 23.4 | 9581 | 33.6 | 13468 | 54.95 | 16517 | 57.92 | 18902 | 66.30 |
| 8 | नगर पंचायत मछलीशहर | 22700 | 1878 | 11.74 | 5063 | 22.30 | 8184 | 36.05 | 10824 | 47.68 | 12813 | 56.44 | 13865 | 61.07 |
| 9 | नगर पंचायत मड़ियाहू | 21927 | 2225 | 10.25 | 5089 | 23.20 | 8092 | 36.90 | 10448 | 48.14 | 12682 | 58.43 | [illegible] | 60.92 |
| 10 | नगर पंचायत रामपुर | 16619 | 700 | 8.6 | 3295 | 19.82 | 5770 | 34.72 | 7402 | 47.20 | 10605 | 64.75 | 10407 | 62.62 |
| 11 | नगर पंचायत केराकत | 12890 | 911 | 6.95 | 2798 | 21.70 | 4306 | 33.4 | 6179 | 47.78 | 7275 | 56.26 | 8664 | 67.00 |
| 12 | नगर पंचायत बदलापुर | 18176 | 1627 | 8.5 | 3886 | 21.4 | 5619 | 30.91 | 8045 | 44.26 | 10474 | 57.62 | 12709 | 69.92 |
| | | 435480 | 27,157 | 6.23 | 82330 | 18.90 | 128266 | 29.45 | 177615 | 40.79 | 223315 | 51.28 | 241967 | 55.56 |

प्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 जौनपुर

पहले का



नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023

दिनांक 04.05.2023 को मतदान की समाप्ति पर कुल पड़े मतों का निकायवार प्रतिशत

| क्र0 सं0 | तहसील | निकाय का नाम | कुल मतदाता महिला | कुल मतदाता पुरूष | कुल मतदाता कुल मतदाता | कुल पड़े मत महिला | कुल पड़े मत पुरूष | कुल पड़े मत कुल मतदाता | प्रतिशत महिला | प्रतिशत पुरूष | प्रतिशत कुल प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | सदर | जौनपुर | 106338 | 123069 | 229407 | 50430 | 58406 | 108836 | 47.42 | 47.46 | 47.44 |
| 2 | | जफराबाद | 4523 | 4692 | 9215 | 2994 | 2806 | 5800 | 66.20 | 59.80 | 62.94 |
| 3 | | कचगांव | 5067 | 5712 | 10779 | 3635 | 3550 | 7185 | 71.74 | 62.15 | 66.66 |
| 4 | | गौराबादशाहपुर | 11107 | 12097 | 23204 | 7235 | 6909 | 14144 | 65.14 | 57.11 | 60.96 |
| 5 | शाहगंज | शाहगंज | 11490 | 12757 | 24247 | 7159 | 8125 | 15284 | 62.31 | 63.69 | 63.03 |
| 6 | | खेतासराय | 8546 | 9261 | 17807 | 5460 | 5164 | 10624 | 63.89 | 55.76 | 59.66 |
| 7 | मछलीशहर | मुगराबादशाहपुर | 13570 | 14939 | 28509 | 9115 | 9850 | 18965 | 67.17 | 65.93 | 66.52 |
| 8 | | मछलीशहर | 10923 | 11777 | 22700 | 6633 | 7032 | 13665 | 60.73 | 59.71 | 60.20 |
| 9 | मड़ियाहू | मड़ियाहू | 10083 | 11844 | 21927 | 6439 | 6832 | 13271 | 63.86 | 57.68 | 60.52 |
| 10 | | रामपुर | 7729 | 8890 | 16619 | 5087 | 5313 | 10400 | 65.82 | 59.76 | 62.58 |
| 11 | केराकत | केराकत | 6029 | 6861 | 12890 | 3722 | 4060 | 7782 | 61.73 | 59.18 | 60.37 |
| 12 | बदलापुर | बदलापुर | 8584 | 9592 | 18176 | 6385 | 6608 | 12993 | 74.38 | 68.89 | 71.48 |
| योग | | 12 | 203989 | 231491 | 435480 | 114294 | 124655 | 238949 | 56.03 | 53.85 | 54.87 |

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) जौनपुर

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) जौनपुर

अब का

**चुनाव आयोग के भारी फेर बदल के आंकड़े अब चर्चाओं में**

प्रखर खेतासराय जौनपुर। गुरुवार को खेतासराय नगर निकाय का चुनाव चुनाव बहुत ही दिलचस्प रहा। यहाँ चार मतदान केन्द्रों के 23 बूथों पर देर शाम तक मतदाताओं ने अलग जोश दिखाया। चुनाव आयोग की तरफ से प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गए आंकड़े अब चर्चाओं में है। पहले मत के आंकड़े में सीधे एक हजार का अंतर होने से सियासी पार्टियों के हार जीत के पूर्वानुमान ध्वस्त हो गए। हालाकि चुनाव आयोग की तरफ से उपलब्ध आंकड़े प्रशासन चूक मानते हुए दुबारा संशोधन की लिस्ट जारी की है। दरअसल नगर के निकाय चुनाव में प्रमुख दल समाजवादी पार्टी, बीजेपी, बसपा समेत निर्दलियों ने जोरदार दमखम दिखाते हुए चुनाव लड़ा। नगर में करीब सत्रह हजार से अधिक मतदाता है जिसमे में 9261 पुरुष और 8540 महिला वोटर है। गुरुवार को मतदान के दिन सुबह में मतदाताओं की लंबी कतार लगी, दोपहर में कुछ रफ्तार धीमा हुआ तो शाम को पुनः लम्बी लाइन लगी। समय समाप्ति के बाद भी लोग मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। हर दो घण्टे पर कंट्रोल रूम प्रशासन मत का आकड़ा जारी करता रहा। गुरुवार की देर शाम यहाँ 11263 मत और 63.25 प्रतिशत पर मुहर लगा दी। चट्टी चौराहे पर लोग हार जीत का अपना नतीजा निकालने लगे। शुक्रवार को ही चुनाव आयोग ने संसोधित आंकड़े की जानकारी उपलब्ध कराई तो सियासी पंडितों के सारे दावे फेल हो गए। सहायक जिला निर्वाचन कार्यालय की तरफ से दूसरी संसोधित लिस्ट में अब कुल मतदान 10624 हुए और वोटों का प्रतिशत 59.66 रहा। अब इस आंकड़े के फेरबदल से नगर में चर्चाओ का बाजार गर्म है। हालाकि जिले के एक दर्जन स्थानों पर हुए मत और प्रतिशत में भारी फेर बदल हुआ है।

## पूर्व सांसद अफजाल से जेल में पूछताछ करेगी पुलिस



प्रकार ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद अफजाल अंसारी के असलहे के संदर्भ में जेल में जाकर पूछताछ कर शस्त्र को पुलिस अभिरक्षा में लेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि माफिया मुख्तार अंसारी गैंग 191 के सदस्यों के असलहों के लाइसेंस को निरस्त कर उनको जब्त किया जा रहा है। उसी क्रम में पूर्व सांसद अफजाल अंसारी पर कार्रवाई चल ही रही थी कि उन्हे गैंगेस्टर में चार वर्ष की सजा हो गयी। इसके क्रम में जिलाधिकारी गाजीपुर ने उनके तीन असलहों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया था। उसी असलहों को सर्च करने के लिए कल मुहम्मदाबाद पुलिस उनके आवास पर सर्च करने गयी थी। असलहे नही मिले अब संबंधित थाना के प्रभारी जेल में जाकर पूर्व सांसद अफजाल अंसारी से असलहों के संदर्भ में पूछताछ कर उसे पुलिस अभिरक्षा में लेगी।

# भारत के विकास का मूल मंत्र धर्मनिरपेक्षता– संजीव ठाकुर

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत हैस धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व हैस जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित हैस धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव हैस इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग–अलग हैस भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना हैस पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ–साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैंस धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है। भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता हैस प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई हैस भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान हैस भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करेंस भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती हैस धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ–साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता हैस भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता हैस हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय–समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है।

# द केरला स्टोरी महिलाओं और किशोरियों को फ्री में दिखाएंगे भाजपा नेता




प्रखर आगरा/एजेन्सी। जिले में भाजपा नेता द केरला स्टोरी महिला और किशोरियों को फ्री में दिखाएंगे. इसके लिए भाजपा नेता गौरव राजावत ने शनिवार को मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है. इस मोबाइल नंबर पर कॉल करने वाली महिला और किशोरियों को शो की फ्री टिकट दी जाएगी.आगरा में भाजपा नेता दिखाएंगे फ्री में श्द केरल स्टोरी भारतीय जनता युवा मोर्चा के ब्रज क्षेत्र मंत्री गौरव राजावत ने बताया कि, देश के सिनेमाघरों में श्द केरला स्टोरीश पांच मई 2023 को रिलीज हुई है. जो केरल में 77: महिलाओं के धर्मांतरण की सच्ची कहानी है. यह फिल्म 50000 हिंदू एवं क्रिश्चियन लड़कियों को लव जिहाद का शिकार बनाने की सच्ची कहानी है. इस फिल्म के डायरेक्टर सुदीप्तो सेन ने फिल्म बनाने से पहले 7 साल तक की सच्चाई पर रिसर्च की. इसके बाद फिल्म के निर्माता विपुल शाह एवं सुदीप्तो सेन एवं इसकी अभिनेत्री अदा शर्मा ने यह फिल्म बनाई है. आगरा में भाजपा नेता दिखाएंगे फ्री में श्द केरल स्टोरी भारतीय जनता युवा मोर्चा के ब्रज क्षेत्र मंत्री गौरव राजावत ने बताया कि, आगरा में जब तक श्द केरला स्टोरीश प्रदर्षित की जाएगी. तब तक आगरा के प्रत्येक छात्रा, युवती और महिलाओं को फिल्म की फ्री टिकट की जाएगी. फिल्म की टिकट प्राप्त करने के लिए एक नंबर जारी किया गया. मोबाइल नंबर 9719 555 444 है. भारतीय जनता युवा मोर्चा के ब्रज क्षेत्र मंत्री गौरव राजावत ने बताया कि छात्राओं, युवती और महिलाओं को यह फिल्म फ्री दिखाने का उद्देश्य है कि, हम अपनी लड़कियां को लव जिहादियों से बचाने में सफल हो.द केरला स्टोरी फिल्म एक सच्ची घटना है. जो, इस देश से छुपाने का काम हुआ. वह इस फिल्म के माध्यम से सबके सामने आ रही है. भारतीय जनता युवा मोर्चा के ब्रज क्षेत्र मंत्री गौरव राजावत ने बताया कि, हमारी टीम ने श द कश्मीर फाइल्स, भी आगरा में 1000 से ज्यादा लड़कियों को दिखाई थी. यह काम मेरी टीम में शामिल लोकेश शर्मा ,हिमांशु ठाकुर, जुगल श्रुतीय, अभिनव श्रुतीय, अक्षत जैन अमित गुप्ता और उनकी पूरी टीम उपस्थित रहे. योगी यूथ शब्रिगेड के कार्यकर्ता ने शनिवार को मेहर सिनेमा में नारेबाजी की. योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अजय तोमर के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने श्द केरला स्टोरीश फिल्म देखी. फिल्म देखने वाले दर्शकों को तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया. फिल्म देखने के बाद संगठन के पदाधिकारियों एवं अन्य दर्शकों का गुस्सा भड़क गया. मेहर सिनेमा के गेट पर ही जिहाद और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की. कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद मुर्दाबाद, जिहाद मुर्दाबाद, इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबाद, ँ मुर्दाबाद, धर्मांतरण मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए.

# दिया पुनः सम्मान !

**कृष्णेन्द्र राय**



पलट दिए फिर रोटी ।
गए साहब मान ।।
हर एक कार्यकर्ता ।
दिया पुनः सम्मान ।।
है लहर उत्साह की ।
आया फिर उछाल ।।
कस ली सबने कमर ।
करने को कमाल ।।
बढ़ गई थी हलचल ।
हुआ जिसका अंत ।।
राजनीति की माया ।
संभावना अनंत ।।
गई पलटी रोटी ।
ना आया पर रास ।।
बने रहना होगा ।
आप को ही खास ।।

# आश्रम फेम त्रिधा चौधरी के साथ क्लब में धुआं धुआं करते दिखे प्रणव वत्स

प्रखर मनोरंजन। चिर्चित गीतकार के रूप के बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले प्रणव वत्स जी म्यूजिक का नया चेहरा बनने जा रहे हैं। बिहार के मूल निवासी प्रणव वत्स बीते वर्षों में अभिनेता,गीतकार व गायक के रूप में कई प्लेटफॉर्म्स पर दिख चुके हैं। प्रणव आज बॉलीवुड में किसी पहचान के मोहताज नही हैं। उनके लिखे बोल पर अमिताभ बच्चन,अजय देवगन,अक्षय कुमार,ऋतिक रोशन,प्रभु देवा,गणेश आचार्य जैसे सुपरस्टार थिरक चुके हैं। उदित नायरण, सुनिधि चौहान जैसे गायकों के लिए भी लिख चुके हैं कई गाने। लगभग 15 वर्ष पहले भागलपुर से मुम्बई तक के सफर की शुरुआत एक थियेटर आर्टिस्ट के रूप किया था। एक कलाकार के तौर पर पढ़ने का खूब शौक होने की वजह से लेखन भी करने लगें। बेहतरीन लेखनी की वजह से प्रणव एक गीतकार के रूप में खूब प्रसिद्धि पाई। 2015 में फिल्म हे ब्रो के बिरजू और डीजे मेरा गाना बजा दे गीत खूब हिट हुए व गीतकार के रूप में एक पहचान मिली, तब से प्रणव ने कभी पीछे मुड़ के नही देखा। एक के बाद एक प्रणव ने कई बेहतरीन प्रोजेक्ट्स किये। 2021 में प्रणव फिर चर्चा में आएं जब बिग बॉस विनर व टेलीविजन स्टार तेजस्वी प्रकाश के साथ म्यूजिक वीडियो क्यों न आएं रिलीज हुई व खूब हिट हुई। इस गाने को प्रणव ने खुद गाया,लिखा व अभिनय भी किया था। उस गाने के जरिये प्रणव बॉलीवुड में एक अभिनेता के रूप में पुनः स्थापित हो गए हैं। म्यूजिक वीडियो धुंआ धुंआ की वजह से प्रणव आज फिर चर्चा में हैं। 5 मई को रिलीज हुई इस गाने को न्यूज लिखे जाने तक लाखो व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में प्रणव के साथ आश्रम फेम बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिधा चौधरी हैं। प्रणव व त्रिधा के इस जोड़ी को लोग खूब पसंद भी कर रहे हैं। इस गाने को प्रसिद्ध गायक नकाश अजीज ने गाया है, गीत प्रणव वत्स ने लिखे हैं, विवियन रिचर्ड द्वारा खूबसूरती से संगीतबद्ध, देव थापे द्वारा कोरियोग्राफ किया गया, देव थापे और ऋषि कुमार द्वारा निर्देशित, डीओपी अंकित मिश्रा और रवि पालीवाल हैं, मनोज मगर द्वारा संपादित, क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं श्रुति शुक्ला, कास्टिंग डायरेक्टर निखिल चौधरी, प्रोजेक्ट डिजाइनर संतोष कुमार सोनू हैं। गाने को विनोद पालीवाल, अनवर शेख और वृंदा भंडारी ने कनिशा फिल्म्स क्रिएशन्स और वी बी इवेंट्स एंड प्रोडक्शंस के बैनर तले प्रोड्यूस किया है।

# उच्च जोखिम मरीज को ईएमटी और पायलट की तत्परता से पहुंचाया गया बीएचयू वाराणसी



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। साल 2012 में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई गई एंबुलेंस सेवा मौजूदा वक्त में मरीजों के लिए संजीवनी बनने का काम किया है। जिसका नजारा आए दिन जनपद में देखने को मिल रहा है। ऐसा ही कुछ शनिवार को हुआ जब जिला अस्पताल में एडमिट. मरीज शाहरियर निवासी दिलदारनगर को डॉक्टरों के द्वारा वाराणसी रेफर किया गया था। जिसके बाद परिजनों के द्वारा 108 एंबुलेंस के लिए कॉल किया गया। उसके बाद क्विक रिस्पांस करते हुए पायलट और ईएमटी बताए गए लोकेशन पर पहुंचे और मरीज को लेकर बीएचयू वाराणसी के लिए रवाना हुए। 102 और 108 एंबुलेंस के जिला प्रभारी दीपक राय ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीज शाहरियर उम्र 65 जिन्हें सांस लेने में दिक्कत थी। किडनी में इन्फेक्शन के चलते प्लेटलेट्स कम था और डॉक्टरों के द्वारा इन्हें बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर किया गया था। जिसके बाद उनके परिजनों ने 108 एंबुलेंस को कॉल किया। काल की जानकारी होने पर क्विक रिस्पांस करते हुए एंबुलेंस में तैनात ईएमटी लाल बहादुर शर्मा और पायलट मरीज की स्थिति को देखते हुए तत्काल वाराणसी के लिए लेकर रवाना हुए।इस दौरान रास्ते में मरीज को ऑक्सीजन के साथ ही साथ रास्ते भर ब्लड प्रेशर पल्स चेक करते हुए उन्हें बीएचयू वाराणसी तक पहुंचाया गया। इस दौरान डॉक्टरों की सलाह पर रास्ते भर उनका उपचार करते हुए एंबुलेंस में ईएमटी पायलट की महती भूमिका रही। बीएचयू वाराणसी पहुंचने के बाद ईएमटी के द्वारा मरीज को इमरजेंसी में दाखिल कराया गया। जहां पर उसका तत्काल इलाज शुरू हुआ।

# सत्य और साहस जीवन की नाव के दो पतवार, इनका साथ ना छोड़े

**(संयम के साथ सच का साथ दीजिए)**

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहींस यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि पहाड़, झरना, नदिया जंगल और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति हैस और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे। आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा हैस प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया हैस भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा हैस व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा हैस समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है। नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां यादा किया जायेगा।

**संजीव ठाकुर, रायपुर**

# कार्यकर्ताओं के कंधे पर चढ़कर विधानसभा पहुंचा हूं– जै किशन साहू



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित हुई। इस बैठक में मतपेटी की निगरानी एवं मतगणना कार्य के सम्बन्ध में कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। इसके साथ साथ भाजपा के जुल्म–ज्यादती और फर्जीवाड़े के खिलाफ पुरजोर विरोध एवं संघर्ष के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी गयी। इस बैठक में कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न करने के लिए पुलिस प्रशासन की निंदा की गयी। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि इस चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के चलते पार्टी जीत के करीब है। आपकी मेहनत जाया नहीं जायेगी । उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतगणना के दिन भी जागरूक और सचेत रहने की हिदायत दिया और कहा कि इस बार नगर निकाय की सभी सीटें जीतकर पार्टी इतिहास बनाने का काम करेगी ।उन्होंने कहा कि किसी से निरर्थक और बेवजह बहस से भी बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन जिस तरह से शासन सत्ता के दबाव में पुलिस सपा कार्यकर्ताओं को बेवजह उठाने का काम कर रही थी और विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल और पूर्व नगरपालिका चेयरमैन विनोद अग्रवाल एक साथ गाड़ी में बैठकर बिना अनुमति के लम्बी गाड़ियों के काफिले के साथ हर मतदान केंद्र पर जाकर बूथ लूटने का प्रयास कर रहे थे उनकी यह नापाक और अलोकतांत्रिक हरकत नगर की जनता को अच्छी नहीं लगी जिसके चलते मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में जमकर मतदान किया। भाजपा के लोगों ने चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि जिस तेवर और जज्बे के साथ अब तक आपने यह लड़ाई लड़ी है,उसे बरकरार रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा निरंकुश हो गई है। विधायक जै किशन साहू ने कार्यकर्ताओं की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए मैं किसी भी स्तर पर जा सकता हूं। हमारी कलम कार्यकर्ताओं के पक्ष में हमेशा चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं के बल पर विधायक हूं, मुझे इस बात की गलतफहमी नहीं है कि मैं अपने बल पर विधायक हूं। कार्यकर्ताओं के कंधे पर चढ़ कर विधानसभा पहुंचा हूं। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। मैं पार्टी के निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं को बखूबी जानता पहचानता हूं। मुझे किसी के प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की नजर से पूरी तरह उतर गयी है। उसके अंदर संवेदना नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद जगदीश कुशवाहा, पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, डॉ नन्हकू यादव,निजामुद्दीन खां, वृजदेव खरवार,मदन सिंह यादव, रामवचन यादव,जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, अमित ठाकुर,तहसीन अहमद, रियाज अंसारी,गोवर्धन यादव, कमलेश यादव,भानु यादव, राजेंद्र यादव,अशोक अग्रहरि, डॉ समीर सिंह,अभिनव सिंह,अतीक अहमद राईनी, शशि सोनकर,राजकिशोर यादव,दिनेश यादव, छोटेलाल यादव, नरेंद्र कुशवाहा, राजेश कुमार यादव ,विजय शंकर यादवराजेश गोड़, राजू बासफोर, प्रेमनारायण राम, कमला यादव,कमलेश यादव, रामज्ञान यादव, रीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे। इस बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।

# रास्ता न होने से बच्चों को विद्यालय भेजने से कतरा रहे अभिभावक



**बरसात के दिनों में विद्यालय आने–जाने में छात्रों को होती है भारी असुविधा**

प्रखर शाहगंज जौनपुर। पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिसिरपुर लखनऊ बलिया राष्ट्रीय मार्ग से सटा हुआ है.विद्यालय का मुख्य मार्ग से कोई संपर्क मार्ग न होने से नन्हे–मुन्ने,नौनिहालों को खेत की मेड़ पर से होकर विद्यालय आना– जाना पड़ता है. विद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक लंबे समय से सरकार और प्रशासन की अनदेखी से विद्यालय के बच्चों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. प्रशासन की उदासीनता के कारण आवागमन में हो रही भारी असुविधा के चलते छात्रों के अभिभावक भी विद्यालय भेजने से कतरा रहे हैं. जहां एक तरफ कॉन्वेंट स्कूल तमाम सुविधाओं से लैस हैं वहीं परिषदीय विद्यालय में आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है जिसके कारण असुविधा का दुष्परिणाम गरीबों के बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है.उनके पास कॉन्वेंट में भेजने के लिए पर्याप्त धन नहीं है. विद्यालय के प्रति प्रशासन के उपेक्षात्मक रवैये से बच्चों और अभिभावकों में असंतोष व्याप्त है.छात्रों और अभिभावकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,जिलाधिकारी अनुज कुमार झा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल से जल्द से जल्द संपर्क मार्ग बनवाने की मांग किया है.अभिभावकों ने कार्रवाई न किए जाने पर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है. प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिंह ने बताया कि यदि विद्यालय का संपर्क मार्ग बन जाएगा तो आवागमन में हो रही असुविधा से निजात मिलेगी. आवागमन की इस समस्या के हल होने से न केवल बच्चों को विद्यालय आवागमन में सुविधा होगी बल्कि इससे और भी बच्चे विद्यालय आने के लिए आकर्षित होंगे.इसका सकारात्मक प्रभाव समाज के गरीब तबकों पर पड़ेगा. रामसागर सिंह महिला महाविद्यालय एवं संत प्रसाद सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल मिसिरपुर विद्यालय के मुख्य गेट मुख्य मार्ग से कच्चा चकरोड बना हुआ है. यदि इसी कच्चे चकरोड को आरसीसी या पीच बना दिया जाए तो जूनियर हाई स्कूल से कच्चे मार्ग की दूरी बहुत कम है इससे एक लिंक रोड निकल जाए जो सरकारी स्कूल को जोड़ देगा. कम लागत में ही अगल–बगल के विद्यालयों के छात्रों के आवागमन में हो रही असुविधा अपने आप समाप्त हो जाएगी. सरकार पर बढ़ने वाला आर्थिक बोझ भी कम हो जाएगा. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि बच्चों की शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा. ग्राम पंचायत से लेकर विकासखंड के अधिकारियों के सहयोग से आवागमन के लिए मार्ग बनवाया जाएगा. जिलाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग में व्यस्त थे जिससे संपर्क नहीं हो सका।.

# हाईस्कूल इंटर के टॉपरो को जिलाधिकारी करेंगी सम्मानित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी ने बताया कि आठ मई को जिलाधिकारी महोदय हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर छात्र–छात्राओं को राइफल क्लब के सभागार में सम्मानित करेंगी। उन्होने बताया कि गाजीपुर में हाईस्कूल के पांच और इंटरमीडिएट के तीन परीक्षार्थियों ने प्रदेश में टॉप–10 में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। जिले का हाईस्कूल का 91.45 तथा इंटरमीडिएट का 71.04 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी आठ मई को हाईस्कूल के 14 व इंटरमीडिएट के 14 छात्र–छात्राओं को सम्मानित करेंगी।

# रोड पर बह रहा है नाले का पानी, ग्रामीण परेशान, जिम्मेदार बेखबर



प्रखर गोसाई की बाजार आजमगढ़। विकासखंड लालगंज के ग्रामसभा रसूलपुर जयद्रथ गोसाई की बाजार में रोड पर बह रहा है गंदे नाले का पानी दर्जनभर स्कूल के बच्चों वह रोड पर आने जाने वालों को हो रही है परेशानी ग्राम वासियों व बाजार वासियों ने ग्राम प्रधान से लेकर खांड विकास अधिकारियों पत्रक के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई लेकिन खंड विकास अधिकारी काम करवाना तो दूर मौके का निरीक्षण करने तक नहीं आए ग्राम वासियों में आक्रोश बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोसाई की बाजार रसूलपुर आजमगढ़ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बना नाला लगभग 6 महीने से जाम होने से नाले का गंदा पानी मेन रोड पर आ रहा है बाजार वासियों ने कई बार ग्राम प्रधान ,ग्राम विकास अधिकारी व खंड विकास अधिकारी से प्रार्थना पत्र देकर युक्त नाले को साफ करवाने के लिए आग्रह किया खंड विकास अधिकारी अदालतों की तरह तारीख पर तारीख देकर बाजार वासियों को आश्वासन देते रहे लेकिन आज तक ना तो कोई सफाई कर्मी आया और ना तो निरीक्षण के लिए खंड विकास अधिकारी आए नाली के गंदे पानी से लगभग दर्जनों विद्यालय के बच्चों सहित बाजार वासियों एवं राहगीरों लिए आने जाने में गुजरने वाले वाहनों से गंदे पानी के छोटे से लोगों के कपड़े खराब हो जा रहे हैं आए दिन बाइक ,साइकिल सवार गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं । गांव निवासी लक्ष्मी गुप्ता, सुभाष सिंह, जवाहिर मौर्य दुर्गा बरनवाल, लक्ष्मी गुप्ता, उमेश राय ,उमा तिवारी, जवाहिर चौरसिया ,दिल शेर अली ,श्याम सिंह, हीरा चौरसिया ,हरिहर चौहान सहित अन्य ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि जल्द से जल्द नाली का निर्माण हो जिससे इस समस्या का निदान हो।

# किसानों के लिए हाईटेक नर्सरी का निर्माण आंकुशपुर में



प्रखर गाजीपुर। किसान कम लागत से अधिक लाभ ले सके इसके लिए जिले में नई तकनीकी से बहुत रोपण किया जाएगा गाजीपुर जिले के आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर में एक करोड़ 46 लाख की लागत से हाईटेक नर्सरी बनने जा रही है इस अवसर पर उद्यान विभाग तथा मनरेगा से तैयार की जाने वाली हाईटेक नर्सरी की स्थापना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह तथा कौशल श्रमिकों को प्रशिक्षण भी दिया गया इसमें फल और सब्जी की उन्नत किस्म के पौधे तैयार की जाएगी जिला उद्यान अधिकारी श्री शैलेंद्र दुबे जी के द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर के कैंपस में जमीन भी चिन्हित कर लिया गया है हाईटेक पौधशाला का निर्माण उद्यान विभाग की ओर से निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाएगा योजना के तहत स्थानीय भौगोलिक परिस्थिति वह आसपास के क्षेत्रों के मांग के अनुरूप फल जैसे अनार कटहल नींबू आम अमरूद वह सब्जी की उन्नत किस्म की पौध तैयार की जाएगी किसान इस पौधशाला से फल व सब्जी सब्जी की और लेकर खुद की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकेंगे नर्सरी में नेट हाउस सिंचाई सुविधा तथा हाइटेक ग्रीन हाउस आदि की सुविधा दी जाएगी नर्सरी में उत्पादित पौधों की बिक्री स्थानीय इच्छुककिसान, एफ पी ओ राज्य स्तर के अन्य प्राइवेट नर्सरी अन्य प्रांतों के किसान संगठन द्वारा की जा सकेगी जिला उद्यान अधिकारी श्री श्री शैलेंद्र दुबे जी के द्वारा बताया गया बहुत जल्द ही कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर में इसका कार्य शुरू हो जाएगा कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा विभागाध्यक्ष डॉ आर सी वर्मा ने बताया कि इस योजना से पौधशाला से जुड़े किसानों के दिन बहूरेंगे तथा उनकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी इस अवसर पर केंद्र के अन्य वैज्ञानिक गण डॉ जेपी सिंह, डॉ नरेंद्र प्रताप, डॉ शशांक सिंह, डॉ अविनाश कुमार राय तथा डॉ शशांक शेखर उपस्थित रहे।

# प्रदेश के राशन डीलरो का कमीशन जल्द भुगतान किया जाये –गिरीश तिवारी



प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव गिरीश तिवारी ने एक कार्यक्रम में बताया कि प्रदेश सरकार प्रदेश के राशन डीलरो के साथ अन्याय कर रही है ।इतनी ईमानदारी के साथ काम करने के बावजूद भी उनका कमीशन नहीं बढा रही है ।आज जो देश मे महंगाई दर हैं उसमें 90रूपये कुन्तल में कैसे अपने परिवार का भरण पोषण कर पायेंगे ।जब अन्य प्रदेशों में अच्छा कमीशन मानदेय दिया जा रहा है। सबसे बड़ी बात नवम्बर 2022सेअप्रैल 2023तक अभी कमीशन का भुगतान नहीं किया गया है। जिसमें नवम्बर में प्रदेश के कोटेदारों द्वारा खुद अपना पैसा जमा करके खाद्यान्न वितरण किया गया है ।ऐसे में तंगी झेल रहे कोटेदार बहुत आक्रोश में है ।दुसरी तरफ सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूहों को दुकान आवंटित करने का शासनादेश जारी किया गया है पिछले दो वर्षों से और सहकारी समिति की भी दुकान बहुत वर्षों से चली आ रही है। लेकिन अब जब कमीशन भुगतान करने की बात आई तो समूहों का और समिति का खाता शासन द्वारा मांगा जा रहा है और लगाया जा रहा है ।अब इसमें बन्दर बांट की स्थिति पैदा होगी। जब दुकान जिसके नाम आवंटित है तो खाता भी उसका लगना चाहिए ।सभी जिम्मेदार नामित दुकानदार की हैं। कार्यवाही तो नामित दुकानदार पर होगी ।और कमीशन सबलोग लेंगे ।यह कैसे होगा ।इसके लिए जल्द ही कानूनी सलाह लेकर हाईकोर्ट जाया जायेगा।

# देवर्षि नारद जयन्ती पर संवेदनशील पत्रकारिता की सामाजिक परिवर्तन में भूमिका विषयक संगोष्ठी एवं पत्रकारों का सम्मान




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व संवाद केन्द्र काशी द्वारा प्रत्येक वर्ष मनाया जाने वाला देवर्षि नारद जयन्ती एवं पत्रकार सम्मान समारोह रविवार ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया 7 मई 2023 को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शताब्दी कृषि प्रेक्षागृह निकट श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर में अपराह्न 04 बजे आयोजित की गयी है द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाहक डॉ. मनमोहन वैद्य रहेंगे वे पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले सात पत्रकारों समेत एक कर्मयोगी को सम्मानित करेंगे इसके साथ ही डॉ. वैध संवेदनशील पत्रकारिता की सामाजिक परिवर्तन में भूमिका विषयक संगोष्ठी को सम्बोधित भी करेंगे। उक्त जानकारी विश्व संवाद केन्द्र काशी न्यास के उपाध्यक्ष डॉ. हेमन्त गुप्त, सचिव प्रदीप कुमार चौरसिया एवं देवर्षि नारद जयन्ती समारोह के संयोजक ऐडवोकेट सुरेश बहादुर सिंह ने विश्व संवाद केन्द्र काशी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुए दी। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि विश्व संवाद केन्द्र काशी द्वारा वर्ष 2003 से अब तक पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले अनेकों पत्रकारों को देवर्षि नारद सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है द्य इस वर्ष सम्मान हेतु समारोह के पत्रकार चयन समिति द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र से कुल आठ लोगों को चयनित किया जाएगा जिसमें एक महिला पत्रकार, दो प्रिंट मीडिया के पत्रकार, दो इलेक्ट्रानिक चौनल के पत्रकार, एक स्तम्भकार और एक छायाकार एवं एक कर्मयोगी सम्मिलित होंगे। उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कृषि वैज्ञानिक प्रो.दिनेश चन्द्र राय एवं विश्व संवाद केन्द्र काशी न्यास के अध्यक्ष प्रो. बिशन किशोर निवर्तमान विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजिनियरिंग विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय रहेंगे । वक्ताओं ने आगे कहा कि सभी पुराणों में महर्षि नारद एक मुख्य व अनिवार्य भूमिका में प्रस्तुत हैं उन्हें देवर्षि की संज्ञा दी गयी है परन्तु उनका कार्य देवताओं तक ही सीमित नहीं था वह दानवों और मनुष्यों के भी मित्र, मार्गदर्शक, सलाहकार और आचार्य के रूप में उपस्थित है द्य पुराणों में नारद को भागवत संवाददाता के रूप में प्रस्तुत किया गया है यह भी सर्वमान्य है कि नारद की ही प्रेरणा से महर्षि बाल्मीकि ने रामायण जैसे महाकाव्य और व्यास ने भगवदगीता जैसे सम्पूर्ण भक्तिकाव्य की रचना की थी ऐसे नारद को कुछ लोग कलह –प्रिय के रूप में भी प्रस्तुत करते हैं जबकि देवर्षि नारद के कार्यों और विचारों का अध्ययन करने से सिद्ध होता है कि उन्होंने विवाद और संघर्ष को भी लोक कल्याण के रूप में प्रयोग किया है ।देवर्षि नारद समकालीन महत्वपूर्ण देवताओं, मानवों व असुरों से सम्पर्क करते हैं और उनके प्रश्न, वक्तव्य एवं कटाक्ष सभी को सकारात्मक दिशा देते हैं उनके प्रत्येक परामर्श और वक्तव्य में कहीं न कहीं लोकहित झलकता है वर्तमान में देवर्षि नारद के अनुयायी के रूप में अनेक पत्रकार मित्र देवर्षि नारद की भूमिका का निर्वहन समाज में कर रहे हैं समाज को पत्रकार मित्रों की भूमिका का बोध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवर्षि नारद जयन्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया है

# पीएम आवास योजना का गरीब को नहीं मिला लाभ



**टूटे फूटे मिट्टी के मकान में रहने को मजबूर गरीब परिवार**

प्रखर शाहगंज जौनपुर। केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर गरीब को पक्का घर देने का वादा अरसिया डिहवा गांव में सफेद हाथी साबित हो रहा है। यहां पिछले 50 वर्षों से अत्यंत गरीब एक परिवार के लोग अपने घर के लिए दर–दर भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें आज तक पक्का घर नहीं मिल पाया है। हालात यह है कि अब इन गरीब परिवारों के घरों मे शहनाई भी नहीं बज रही है। गरीबी की जिंदगी गुजर बसर करनेवाले इन परिवारों ने सब से से गुहार लगाई, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। कच्चे टूटे–फूटे मकान में प्लास्टिक की चादर बिछाकर ये गरीब परिवार अपनी जिंदगी गुजर बसर कर रहे हैं। इतना ही नहीं बारिश ने तो इन परिवारों पर कहर बरपा दिया। यह हाल है सरपतहा थाने के ग्राम अरसिया डिहवा विकास खंड सुइथाकला ग्राम पंचायत का। अरसिया बाजार डिहवा निवासी स्वर्गीय विपत जिनकी 66 वर्ष की उम्र में विगत दिनों मृत्यु हो गई जो अपनी पूरी उम्र कुम्हार का कार्य करके घर की रोजी रोटी चलाते थे ।जिनकी मृत्यु के तत्काल बाद पत्नी की भी मृत्यु हो गई दोनों का मृत्यु का कारण गरीबी बताया जाता है। जिनका दवा के अभाव में मृत्यु हो गया । स्व. विपत के 2 पुत्र हैं हीरालाल प्रजापति एवं छोटे लाल प्रजापति जो आज भी बरसात में छाता के भरोसे समय गुजारते हैं। घर की महिला मनोरमा का कहना है कि घर नहीं रहने के कारण शादी भी नहीं हो पा रही है। गरीबी की मार झेल रहे इन परिवारों का मजदूरी से ही गुजर बसर होता है। महंगाई की मार के चलते इन परिवारों को महज दो वक्त की रोटी मिल पाती है। यही वजह है कि ये परिवार उम्र के इस पड़ाव पर भी अपना पक्का घर नहीं बना पा रहे हैं। और चिलचिलाती धूप एवं बदलते बरसात के मौसम में छोटेलाल अपने पुश्तैनी पैतृक निवास पर मिट्टी का लेप लगाकर छांव करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्राम अरसिया डिहवा सुईथाकला ब्लॉक एवं क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारी आदि जिम्मेदार सब के आंखों पर पट्टी बंधी है जो एक गरीब को पक्का छत मुहैया नही करा पा रहे हैं।

# कचहरी में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, न्यायाधीशों समेत अधिवक्ताओं का हुआ परीक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को कचहरी परिसर में मेडिकल कैंप लगाकर अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके का कई न्यायाधीशों ने भी लाभ उठाया। कैंप में मौजूद चिकित्सकों ने सैकड़ों अधिक अधिवक्ताओं के खून की जांच ब्लड प्रेशर आधी जांच के साथ–साथ दवाइयों का वितरण भी किया। सिविल वार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संजय कुशवाहा के अनुसार न्यूरो सिटी सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर पांडेपुर वाराणसी के तत्वाधान में इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश संजय कुमार ने किया। इस शिविर में लगभग 300 अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर सिविल वार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधाकर राय ने बताया की इस मेडिकल कैंप का अधिवक्ताओं को बहुत लाभ मिला है। सर्दी, जुकाम, बुखार समेत तमाम बीमारियों में मौजूद चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया है। इस मौके पर महासचिव रतन जी लाल श्रीवास्तव, रमेश यादव, संजय कुशवाहा, धीरेंद्र नाथ सिंह, रणजीत सिंह, सुरेश सिंह, दिनेश कुमार, अखिल शर्मा, आदि सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# देश को दिशा देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिकाः रमेश सिंह



**इंजीनियरिंग संस्थान में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर हुई संगोष्ठी**

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान के विश्वसरैया संगोष्ठी हाल में शनिवार को राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शाहगंज के विधायक रमेश सिंह ने कहा कि युवा भारत के शिल्पकार हैं। देश को दशा और दिशा देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्व के विकसित देशों में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे भारतीय युवा हीं हैं। इसका मतलब हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था में वह ताकत है। आज हमे इसका उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करने की जरूरत है। उन्होंने अपने छात्र जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि असली संस्कार घर से नहीं शिक्षा मंदिर से मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के यंग इंडिया अभियान से ही विश्व में भारत को नई पहचान मिली है। इसके पीछे भी देश के युवाओं की कड़ी मेहनत है। संकायाध्यक्ष प्रो.बीबी तिवारी ने कहा कि युवा का मतलब ऊर्जा होता है। इतनी ऊर्जा किसी देश के पास नहीं है। इसका सकारात्मक लाभ देश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता की दृष्टि से हमारा विश्वविद्यालय हर कसौटी पर खरा उतरा है। कौशल विकास केंद्र के समन्वयक और गणित के विभागाध्यक्ष डॉ राजकुमार ने कहा कि देश में राष्ट्र निर्माण करने वाली युवाओं की जरूरत है जिससे देश विकास की ऊंचाइयों को छू सके। उन्होंने निःशुल्क प्रेरणा कोचिंग और विश्वविद्यालय के कौशल विकास के निःशुल्क प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के निर्देशन में हम लोगों को निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ मनीष प्रताप सिंह ने और संचालन शुभम ओझा ने किया। इस अवसर पर डॉ मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ नृपेंद्र सिंह, डॉ मुनींद्र सिंह, डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ पीसी यादव, दीपक सिंह, विशाल यादव, सौरभ सिंह, प्रिंस त्रिपाठी आदि ने भाग लिया।

# वार्ड बॉय की पिटाई के आरोप में स्वास्थ्य कर्मियों ने विरोध कर किया प्रदर्शन




प्रखर बदलापुर जौनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत वार्ड बॉय दुर्गा प्रसाद की तीन अज्ञात बदमाशों ने लात, मूका ,घुसा से पिटाई कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। घटना शनिवार अपराह्न 1रू00 बजे की है। घायल स्वास्थ्य कर्मी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। घटना को लेकर चिकित्सक सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी विरोध में प्रदर्शन करते हुए ओपीडी कार्य का बहिष्कार कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धारा में केस पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। गौरतलब है कि घटना के दौरान अस्पताल की सुरक्षा में लगाए गए होमगार्ड मौके पर मौजूद थे। आरोप है कि वार्ड बॉय दुर्गा प्रसाद ओपीडी के लिए मरीजों की पर्ची काट रहे थे। इसी बीच मुंह में गमछा बांधे नकाबपोश तीन बदमाश उनके पास पहुंचकर लात मूका घुसा से पिटाई करने लगे। घायल अवस्था में वार्ड बाय दुर्गा प्रसाद वहीं गिर पड़े। जब तक स्वास्थ्य कर्मी बाहर आते की बदमाश पैदल ही अस्पताल से बाहर भाग गए। घटना के बाद एक–एक कर सभी अस्पताल कर्मी अस्पताल के मुख्य द्वार पर विरोध में प्रदर्शन करने लगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर संजय दुबे ने प्रशासन को चेताया है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है तब तक इमरजेंसी सेवा के अलावा ओपीडी सेवा बंद रहेगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दुबे ने बताया कि घटना की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह को भी दे दी गई है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में चिकित्सक संवर्ग के डॉ अरविंद कुमार पांडे डॉक्टर कोविदेन्द्र त्रिपाठी नेत्र सहायक राकेश मिश्रा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश मौर्य, जटाशंकर मिश्र, फार्मासिस्ट सुभाष चंद्र मौर्य, फूलमती, कामना सिंह , पूनम, किरण लता, प्रिया देवी ,आशीष मोदनवाल आदि लोग मौजूद थे। प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर बदमाशों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

# जनपद कुशीनगर की सेवरहीं चीनी मिल किसानों के गन्ने का भुगतान समय से करने में फिसड्डी – रामचन्द्र सिंह



प्रखर कुशीनगर। एक तरफ तो प्रदेश सरकार किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन में कराने के लिये कटिबध्द है और वहीं जनपद के सेवरहीं चीनी मिल सरकार को ठेंगा दिखाकर किसानों के गन्ने का भुगतान करने में सबसे पीछे चल रही है। जनपद के सेवरहीं क्षेत्र के किसानों ने अवगत कराया है कि लगभग दो महीने का भुगतान चीनी मिल पर बकाया है और मिल मालिक किसानों के गन्ने का भुगतान करने में हिल्ला हवाली कर रहा है। किसानों का कहना है कि, इस समय बच्चों की शादी, खेतीबारी का समय चल रहा है हम अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा गन्ने बोने में इस उम्मीद के साथ लगाते है कि गन्ने का भुगतान एक मुस्त समय से हो जायेगा हम अपनी सभी जरूरतों को पूरा कर लेंगें मगर हम लोगों का सपना चीनी मिल आँसुओं में तबदील कर दिया है। यदि चीनी मिल सेवरहीं का रवैया किसान हित में ऐसे ही उदासीन रहा तो किसानों को गन्ना से मोहभंग होने में देर नहीं लगेगा। उक्त बातें भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) की जिला इकाई, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है। आगे जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने जिला प्रशासन को आगाह करते हुए बताया है कि जनपद के सम्बन्धित अधिकारी किसान हित में त्वरित कार्यवाही करते हुए किसानों के गन्ने का भुगतान तत्काल नही कराया तो हमारा यूनियन जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय को घेरने के लिये वाध्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# ऑलमाइटी अध्यापिका की मार्ग दुर्घटना में हुई मौत



प्रखर महराजगंज। थाना क्षेत्र बृजमनगंज कस्बे के कोल्हुई रोड पर स्कूल में पढ़ाने आ रही अध्यापिका की मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के कारण इलाज के दौरान हुई मृत्यु। बताते चले कि आज सुबह लगभग 7रू30 जगन्नाथ चौबे निवासी ग्राम अमहट टोला मरवटिया पोस्ट बघेली थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर की भतीजी अर्चना चौबे पुत्री उपेन्द्र प्रताप चौबे व भतीजा विनय चौबे पुत्र उपेन्द्र प्रताप चौबे घर से बृजमनगंज स्थित आलमाइटी पब्लिक इन्टर कालेज बृजमनगंज में पढ़ाने हेतु बाइक से जा रहे थे तभी अचानक मिश्रौलिया टोला मोहनगढ़ के पास पीछे से ट्रैक्टर संख्या **UP 55AH** 1903 द्वारा लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बाइक सवार को तेजी से ठोकर मारी इस भीषण दुर्घटना में दोनों अध्यापक एवं अध्यापिका गंभीर रूप से घायल हो गए तथा ट्रैक्टर चालक फरार हो गया उक्त दोनो युवक युवती को लोगों ने जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर इलाज के लिए ले गए जहां पर विनय चौबे का वर्तमान समय में इलाज चल रहा है और अर्चना चौबे को जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज गोरखपुर को रेफर किया गया परन्तु इनकी तबियत बहुत ज्यादा खराब होने के कारण वही सिद्धार्थनगर में ही वी०पी०एल० (विनोद प्रकाश लाइफकेयर मल्टीस्पेस्लिस्ट हास्पिटल) सिद्धार्थनगर में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान अर्चना चौबे की मृत्यु हो गयी।बृजमनगंज थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा तहरीर मिलने पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा धारा 379,337,338,304 पंजीकृत करते हुए कार्यवाही की गई।

# डॉ एचडी सिंह को पॉइनियर ऑफ हेल्थ केयर से किया गया सम्मानित




**जिले के ख्यातिलब्ध कार्डिलॉजिस्ट हैं डॉ हरेंद्र देव सिंह**

प्रखर जौनपुर। जिले के ख्यातिलब्ध कार्डिलॉजिस्ट डॉ हरेंद्र देव सिंह को राष्ट्रीय सम्मान "पॉइनियर ऑफ हेल्थ केयर "से नवाजा गया है।

इस विशेष उपलब्धि पर आउटलुक ग्रुपपत्रिका ने अपनी परिशिष्ट " काफी टेबल बुक "में भी डॉ सिंह को खास स्थान दिया है । पटना के गांधी मैदान स्थित भारतीय सभागार में शुक्रवार की शाम राज्यसभा डिप्टी चेयरमैन हरबंश सिंह के कर कमलों द्वारा "पाइनियर ऑफ हेल्थ केयर " अवार्ड समारोह में एचडी सिंह को उनके द्वारा विगत सालों से किए जा रहे। बेहतर कार्य के लिए यह विशेष सम्मान दिया गया है। डॉ एचडी सिंह को जागरूकता अभियान "बचाव करना बेहतर बीमार होकर इलाज करने "के तहत तमाम पूर्वांचल में किए जा रहे अभियानों की प्रस्तिपत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह में देश के कोने कोने से आये चिकित्सकों ने भाग लिया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष (आई .एम .ए ) सजानंद सिंह एवं एडिटर इन चीफ आउट लुक मैगजीन दिनेश आनंद एवं गणमान्य सदस्यों और पदाधिकारियों ने भाग लिया ।सभी पोइनियर ऑफ हैल्थ केयर चिकित्सकों को प्रख्यात पत्रिका आउट लुक ने अपनी परिशिष्ट में स्थान दिया है। मुख्य अतिथि डिप्यूटी चेयरमैन राज्यसभा हरबंश सिंह ने सारे चिकित्सकों को कोरोना काल में किए कार्यों के लिए बधाई एवं देश की तरफ से आभार प्रगट किया।

# नगर निकाय चुनाव संपन्न होते ही चौक–चौराहे पर हार जीत का शुरू हुआ दौर



प्रखर केराकत जौनपुर। नगर निकाय चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद अब चौक चौराहों पर चुनाव जीतने को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है। कयास के आधार पर लोग अपने–अपने प्रत्याशियों की जीत चौक पर ही कर रहे हैं। इसके पीछे कोई जातीय तो कोई दलीय समीकरण को जीतता बता रहा है। यह अलग बात है कि अभी भी सेहरा किसके सिर पर बंधेगा? यह तो आने वाले 13 मई को मालूम हो जायेगा मगर राजनीतिक गलियारे में कयासों का दौर शुरू हो गया है।इसी कड़ी में केराकत नगर निकाय चुनाव में अपनी–अपनी किस्मत आजमाने वाले दस नगर अध्यक्ष व 61 सभासद प्रत्याशियो की किस्मत मतपेटी में बंद होने के साथ ही जीत हार को लेकर मंथन शुरू हो गया है यह चुनाव राजनीतिक दलों के साथ निर्दल प्रत्याशियो के लिए अहम है। नगर अध्यक्ष की कुर्सी के लिए जहां भाजपा व सपा प्रत्याशी पूरी ताकत से जुटे रहे वहीं निर्दल प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। चुनाव 4 मई को सकुशल संपन्न होने के बाद अब चुनाव में हार जीत को लेकर चर्चा होने लगी है। चाय की दुकान से लेकर चौराहों व चौपालों पर खूब बहस हो रही है। मौका चाहे जैसा हो लोग चुनाव पर चर्चा करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। कई तो ऐसे हैं जो अपने प्रत्याशी के लिए वोट देने की बात कहते हुए जीत का दावा भी करने के साथ ही प्रत्याशी की खूबियां भी खूब गिनाते नजर आ रहे हैं। कोई अपने प्रत्याशी को सरल सहज बता रहा है तो कोई ईमानदारी की मिसाल कहकर उसके तारीफ के पुल बांधते बाध रहे हैं।अब देखना दिलचस्प होगा कि केराकत नगर अध्यक्ष की कुर्सी पर पार्टी प्रत्याशी व निर्दल प्रत्याशी में किसके

# ट्रेन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की हुई दर्दनाक मौत



प्रखर केराकत जौनपुर। आपको बता दें कि केराकत तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गंगौली रेलवे स्टेशन के पास जौनपुर से औडीहार की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में राष्ट्रीय पक्षी मोर की दर्दनाक मौत हो गई । गौरतलब हो कि पैसेंजर ट्रेन जैसे ही गंगौली गांव के रेलवे फाटक से पहले पहुंची कि राष्ट्रीय पक्षी मोर उड़ने के फिराक में ट्रेन की चपेट में आ गया। और उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना ग्राम प्रधान अच्छेलाल को ग्रामीण ने दी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रधान अच्छेलाल यादव ने सम्मान पूर्वक मोर का अंतिम संस्कार किया गया इस तरह के आये दिन सामाजिक कार्यों को लेकर ग्राम प्रधान चर्चा में बने रहते है इस अवसर पर सतीश यादव,अमन यादव,रामाआसरे यादव,शिवांश यादव,राकेश सिंह,हर्षित सिंह के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# सूचना न देने पर सचिव को मिला अल्टीमेटम

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के परसरा गांव सभा के हुए विकास कार्यो के बाबत जनसूचना के तहत न देने पर डीपीआरओ ने सचिव को तीन दिवस में सूचना न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। ग्रामीण भरत लाल ने ग्रामसभा मे हुए विकास कार्यो का लिखा जोखा जनसूचना के तहत सचिव से मांगी थी। सचिव द्वारा महीने भर दौड़ाने के बाद भी न देने पर ग्रामीण ने डीपीआरओ से जनसूचना के तहत जानकारी मांगी। जिसपर डीपीआरओ ने उक्त जानकारी ग्राम सभा से संबंधित होने के कारण तीन दिवस के अंदर उक्त जनसूचना के तहत मांगी गई जानकारी को सचिव द्वारा उपलब्ध कराने को निर्देशित करते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। इस बाबत ग्रामीण ने बताया कि सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है। इसलिए सूचना देने में आनाकानी की जा रही है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं